Title: Need to declare Rohtas-Sasaram-Balia via Buxar road in Bihar as a National Highway.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : महोदय, बिहार राज्य के रोहतास, सासाराम, करगदर, कोचस, चौसा, बक्सर होते हुए बलिया (उत्तर प्रदेश) को जाने वाला मुख्य राज्य उच्च मार्ग है। यह बहुत व्यस्त सड़क है। बंगाल, झारखंड एवं बिहार राज्य से उत्तर प्रदेश बलिया को जाने वाले सभी प्रकार से छोटे-बड़े ट्रक, बस और छोटी कारें इसी मार्ग से होकर इन शहरों से होती हुई बलिया को जाती है। यह एक मार्गीय सड़क है। भारी वाहन के आवागमन के कारण सड़क अक्सर अवरूद्ध ही रहती है। कई बड़ी दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं। जान-माल का भारी नुकसान होता है।

अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के भूतल-परिवहन मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित में इस सड़क को राट्रीय उच्च पथ घोाति करने का कट किया जाए।